प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 19.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए।

2—छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा कल से शुरू होगी।

3—छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर आज प्रदेश में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम।

4— देश के कई हिस्सों में कल शाम चांद दिखाई देने के साथ ही आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है।

**प्रधानमंत्री—इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट—01**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस—एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा है कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

**एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटेरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रेटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है, बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है।

**इस समिट का भारत में होना, भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है। दुनिया के कोने—कोने से यहां आए महानुभाव, इसकी सफलता को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। इसमें यंग जनरेशन की जो उपस्थिति हमने देखी है, वो एक नया विश्वास पैदा करती है।**

**प्रधानमंत्री—इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट—02**

सम्मेलन में विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार एआई स्टैक के सभी पांच स्तरों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक कॉमन कंप्यूट प्लेटफॉर्म बनाया है, जो स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और छात्रों को किफायती दर पर अड़तीस हजार जीपीयू उपलब्ध कराता है। श्री वैष्णव ने कहा कि ए.आई. से जुड़े जोखिमों को कम करने के समाधान ढूंढने होंगे।

**एआई इम्पैक्ट समिट–छत्तीसगढ़**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में
रायपुर के युवा अनुराग मानिक और आस्था मानिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बिल्डथॉन में चालीस हजार से अधिक प्रतिभागियों के बीच तीन कठिन चरणों को पार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इन युवाओं द्वारा तैयार किया गया "कर्तव्य" एआई ऐप, एआई जनित आवाज और वास्तविक आवाज में अंतर पहचानकर लोगों को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने में सहायक होगा।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दोनों युवाओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए छत्तीसगढ़ के युवा आधुनिकता की दौड़ में भी अव्वल साबित हो रहे हैं, यह प्रदेश में हो रहे समग्र विकास का सशक्त प्रमाण है।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ द्वारा भी स्टॉल लगाया गया है। "छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाय इंटेलिजेंस" थीम पर आधारित इस स्टॉल में राज्य की एआई क्षमता, अत्याधुनिक डिजिटल अधोसंरचना और निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में विशेष रूप से नवा रायपुर में स्थापित किए जा रहे देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क की जानकारी दी गई है।

**एआई समिट–विजय शर्मा**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हुए। राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री शर्मा ने लीडर्स प्लेनरी सत्र में हिस्सा लिया। रायपुर लौटने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन भारत और देश के युवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

**एआई समिट–विशेष कार्यक्रम**

भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन पर प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजे से आठ बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**माशिमं–बोर्ड परीक्षा**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा कल बीस फरवरी से शुरू होगी। वहीं, दसवीं की परीक्षा इक्कीस फरवरी शनिवार से आयोजित की जाएगी। बारहवीं की परीक्षा अट्ठारह मार्च और दसवीं की परीक्षा तेरह मार्च को संपन्न हो जाएगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह नौ बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक निर्धारित किया गया है। इन दोनों परीक्षाओं में प्रदेश के करीब छह लाख विद्यार्थी भाग लेंगे।

## ऊर्जा विभाग–प्रेसवार्ता

राज्य सरकार ने प्रदेश को देश की "ऊर्जा राजधानी" बनाने ऊर्जा उत्पादन क्षमता को दोगुना करने और ट्रांसमिशन–डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने की कार्ययोजना तैयार की है। यह जानकारी ऊर्जा विभाग के सचिव डॉक्टर रोहित यादव ने आज रायपुर में अपने विभाग के बीते दो वर्षों के कार्यों का ब्यौरा पेश करते हुए दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम कर नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट मीटरिंग और ग्रिड आधुनिकीकरण पर जोर दे रही है।

डॉक्टर यादव ने बताया कि देश में ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की रैंकिंग और ग्रेडिंग में सुधार हुआ है।

उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में बत्तीस हजार से अधिक मेगावाट क्षमता की नई परियोजनाओं के लिए एमओयू किए गए हैं। इनमें थर्मल, न्यूक्लियर, सोलर और पम्प स्टोरेज परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक एक लाख बत्तीस हजार लोगों ने इस योजना के लिए पंजीयन कराया है।

डॉक्टर यादव ने बताया कि अगले तीन वर्षों में प्रदेश में इकतालीस नये उच्च दाब उपकेन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही रायपुर और बिलासपुर में ओवरहैड लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा।

## बिलासपुर/जांजगीर लूट–आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर में एक सराफा कारोबारी पर हमला कर करीब तीन करोड़ पैंतीस लाख रूपये की लूट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एक अन्य आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपियों का पीछा करते हुए पुलिस उत्तरप्रदेश पहुंची। इस दौरान आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे, तब उन्हें पकड़ने के लिए उत्तरप्रदेश और बिलासपुर पुलिस ने फायरिंग कर दी, जिससे दो आरोपियों के पैर में गोली लग गई और वे घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों घायलों के साथ ही दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है कि बीते मंगलवार की रात आरोपी बिलासपुर में कारोबारी पर हमला कर कार के साथ सोना और नगदी लूटकर भाग गए थे।

उधर, जांजगीर–चांपा जिले के राहौद में हुई लूट के मामले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। जबकि, दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। आरोप है कि बिहार के रहने वाले इन आरोपियों ने जांजगीर–चांपा, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर और सारंगढ़ जिले में करीब नौ लाख तिरासी हजार रूपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था।

## छत्रपति शिवाजी महाराज–जयंती

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर के तात्यापारा चौक में उनकी प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने सीमित संसाधनों के बावजूद अदम्य साहस, दूरदृष्टि और संगठन क्षमता के बल पर एक सुदृढ़ और लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना की। उनका प्रशासनिक ढांचा न्याय, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व पर आधारित था।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति द्वारा आज रायपुर में महाआरती का आयोजन किया गया।

## रमजान–पवित्र महीना

देश के कई हिस्सों में कल शाम चांद दिखाई देने के साथ ही आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि यह महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा।

## समाचार संक्षेप में ...

–प्रोफेसर मनोज दयाल को रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है।

–बीजापुर जिले के इलमिड़ी और मुजाल कांकेर मार्ग पर सुरक्षा बलों ने दस–दस किलो के दो आईईडी बरामद किए हैं। इन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

–एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के जनपद पंचायत पलारी में पदस्थ आरईएस विभाग के एसडीओ को पच्चीस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

–जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर द्वारा कलेक्टोरेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के चतुर्थ तल में कल से चौबीस फरवरी तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

–दुर्ग जिले के भिलाई थाना क्षेत्र में सिरसा गेट के पास एक तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से दोपहिया सवार मां–बेटी की मौत हो गई। वहीं, पिता घायल हो गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>